class-7th

# 1 भाषा, लिपि और व्याकरण (Language, Script and Grammar)

## भाषा

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसके मन में अलग-अलग तरह के विचार आते हैं। अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाने के लिए वह भाषा का प्रयोग करता है। भाषा केवल बातचीत का ही नहीं बल्कि ज्ञान-विज्ञान के प्रचार-प्रसार का भी माध्यम है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि— **भाषा** वह माध्यम् है, जिसके द्‌वारा मनुष्य अपने भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान करता है।

**भाषा के दो रूप होते हैं—**

भाषा के रूप
- मौखिक भाषा
- लिखित भाषा

❖ **मौखिक भाषा**— भाषा के जिस रूप से हम अपने मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान बोलकर या सुनकर करते हैं, उसे **मौखिक भाषा** कहते हैं।

❖ **लिखित भाषा**— भाषा के जिस रूप से हम अपने मन के भावों तथा विचारों का आदान-प्रदान लिखकर या पढ़कर करते है, उसे **लिखित भाषा** कहते हैं।

**मौखिक तथा लिखित भाषा में अंतर—**

1. मौखिक भाषा आसानी से सीख सकते है, किंतु लिखित भाषा अभ्यास द्‌वारा ही आती है।
2. मौखिक भाषा में ध्वनियों को बोलकर मनुष्य अपने मनोभावों तथा विचारों को प्रकट करता है, किंतु लिखित भाषा में उन ध्वनि चिह्नों को लिखकर अपने मनोभावों तथा विचारों को प्रकट करता है।

मौखिक तथा लिखित भाषा के अलावा एक अन्य भाषा भी है— सांकेतिक भाषा। भाषा के जिस रूप से मन के भावों तथा विचारों का आदान–प्रदान संकेतों द्‌वारा किया जाता है, वह **सांकेतिक भाषा** कहलाती है।

## लिपि

लिखित भाषा में प्रत्येक ध्वनि के लिए कोई–न–कोई चिह्न होता है। किसी भाषा की मौखिक ध्वनियों को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए निश्चित क़िए गए चिह्नों को **लिपि** कहते हैं।

प्रत्येक भाषा की अलग-अलग लिपि होती है; जैसे —

| भाषा | लिपि | भाषा | लिपि |
|---|---|---|---|
| पंजाबी | गुरुमुखी | जर्मन | रोमन |
| अंग्रेज़ी | रोमन | कोंकणी | देवनागरी |
| हिंदी/संस्कृत | देवनागरी | मराठी | देवनागरी |
| उर्दू | फ़ारसी | नेपाली | देवनागरी |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| बंगाली | बांग्ला | फ्रांसीसी | रोमन |
| कश्मीरी | शारदा | मैथिली | देवनागरी |

## व्याकरण

प्रत्येक भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान प्राप्त करने के लिए व्याकरण का गहन अध्ययन करना आवश्यक है। व्याकरण के बिना भाषा का शुद्ध प्रयोग कर पाना असंभव है। व्याकरण से ही किसी भाषा में स्थिरता, शुद्धता तथा मानकता आती है। अतः व्याकरण वह शास्त्र है जिसके माध्यम से हम भाषा को शुद्ध रूप से बोलना तथा लिखना सीखते हैं।

**व्याकरण के तीन रूप होते हैं —**

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. वाक्य विचार

- **वर्ण-विचार**—इसके अंतर्गत वर्णों के आकार, उच्चारण तथा व्यवस्था के बारे में विचार किया जाता है।
- **शब्द-विचार**—इसके अंतर्गत शब्द-रचना तथा शब्दों के प्रकार के विषय में विचार किया जाता है।
- **वाक्य-विचार**—इसके अंतर्गत वाक्य-भेद, वाक्य-विश्लेषण तथा विराम-चिह्नों का प्रयोग किया जाता है।

## आइए दोहराएँ (Let's Recall)

- मातृभाषा का शाब्दिक अर्थ बताओ।
- हमारी मातृभाषा हिंदी है।
- व्याकरण के तीन रूप होते हैं— वर्ण विचार, शब्द विचार तथा वाक्य विचार।
- भाषा के दो रूप होते हैं— मौखिक तथा लिखित भाषा।

## रचनात्मक मूल्यांकन (Formative Evaluation)

**सोचो और बताओ—**

(क) मौखिक और लिखित भाषा में अंतर बताओ।

(ख) शब्द विचार में किन-किन विषयों पर विचार किया जाता है?

(ग) हिंदी, अंग्रेज़ी, पंजाबी, बंगाली तथा कोंकणी भाषा की लिपि बताओ।

## संकलित मूल्यांकन (Summative Evaluation)

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) भाषा किसे कहते हैं तथा इसके कितने रूप होते हैं?

............................................................................................................



Scanned with CamScanner

class-7th

(ख) लिपि से क्या तात्पर्य है?

..........................................................................................................

(ग) व्याकरण से आप क्या समझते हैं तथा व्याकरण के कितने रूप होते हैं? लिखो।

..........................................................................................................

(घ) भाषा सीखने के लिए व्याकरण जानना क्यों आवश्यक है?

..........................................................................................................

**2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरो—**

| बोलना | देवनागरी | प्रसार | प्रचार | वर्ण-विचार | सांकेतिक | लिखना |
|---|---|---|---|---|---|---|

(क) भाषा केवल बातचीत का ही नहीं बल्कि ज्ञान-विज्ञान के .................... और .................... का भी साधन है।

(ख) मौखिक तथा लिखित भाषा के अलावा एक अन्य भाषा भी है– .................... भाषा।

(ग) नेपाली भाषा की लिपि .................... है।

(घ) व्याकरण के माध्यम से हम भाषा को शुद्ध रूप से .................... तथा .................... सीखते हैं।

(ङ) .................... के अंतर्गत वर्णों के आकार, उच्चारण तथा व्यवस्था के बारे में विचार किया जाता है।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) और गलत कथन पर ( ✗ ) का चिह्न लगाओ—**

(क) भाषा के दो रूप होते हैं— लिखित और मौखिक। ☐

(ख) लिखित भाषा का कोई महत्त्व नहीं होता। ☐

(ग) सभी भाषाओं की लिपि एक जैसी होती है। ☐

(घ) फ्रांसीसी भाषा की लिपि रोमन है। ☐

(ङ) भाषा सीखने के लिए व्याकरण का अध्ययन आवश्यक है। ☐

**4. सही मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| कश्मीरी | रोमन |
| हिंदी | फ़ारसी |
| उर्दू | बांग्ला |
| पंजाबी | देवनागरी |
| बंगाली | गुरुमुखी |
| अंग्रेज़ी | शारदा |

**5. सही विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाओ—**

(क) मम्मी बच्चों को कविता सुना रही है।

(1) लिखित भाषा ☐ (2) मौखिक भाषा ☐ (3) सांकेतिक भाषा ☐



Scanned with CamScanner

Class - 7th

(ख) नानाजी पुस्तक पढ़ रहे हैं।

(1) लिखित भाषा ☐ (2) मौखिक भाषा ☐ (3) सांकेतिक भाषा ☐

(ग) पूजा अपनी मम्मी को फोन कर रही है।

(1) लिखित भाषा ☐ (2) मौखिक भाषा ☐ (3) सांकेतिक भाषा ☐

(घ) विवेक अपने मित्र से मोबाइल से बात कर रहा है।

(1) लिखित भाषा ☐ (2) मौखिक भाषा ☐ (3) सांकेतिक भाषा ☐

(ङ) वाद-विवाद प्रतियोगिता में कौन-सी भाषा का प्रयोग होता है?

(1) लिखित भाषा ☐ (2) मौखिक भाषा ☐ (3) सांकेतिक भाषा ☐

(च) मौखिक और लिखित किसके भेद हैं?

(1) व्याकरण के ☐ (2) भाषा के ☐ (3) वर्ण के ☐

(छ) व्याकरण के कितने भेद हैं?

(1) तीन ☐ (2) पाँच ☐ (3) दो ☐

6. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उनके नाम लिखो कि वे भाषा के कौन-से रूप हैं?

1.


..............................................................

2.


..............................................................



Scanned with CamScanner

Class - 7th



..........................................................................



..........................................................................

7. नीचे दिये गये स्थान में भाषा तथा उनकी लिपि लिखिए–



Scanned with CamScanner

# M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**Sarai Rai Chanda, Mungra Badshahpur, Jaunpur,**

## Session – 2020-21

**Class-7th**

**विषय – हिन्दी व्याकरण**

---

## पाठ – 1 भाषा, लिपि और व्याकरण

1. भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपने भावों तथा विचारों का आदान प्रदान करता है।

2. भाषा के रुप 1. मौखिक भाषा 2. लिखित भाषा 3. सांकेतिक भाषा

3. किसी भाषा की मौखिक ध्वनियों को लिखित रुप में प्रकट करने के लिए निश्चित किए गये चिन्हों को लिपि कहते हैं।

4. व्याकरण वह शास्त्र है जिसके माध्यम से हम भाषा को शुद्ध रुप से बोलना तथा लिखना सीखते हैं।

5. व्याकरण के तीन रुप होते हैं-

   वर्ण विचार। शब्द विचार। वाक्य विचार।

6. मौखिक तथा लिखित भाषा में अन्तर-

   (क) मौखिक भाषा आसानी से सीख सकते हैं, किन्तु लिखित भाषा अभ्यास द्वारा सीख सकते है।

   (ख) मौखिक भाषा में ध्वनियों को बोलकर मनुष्य अपने मनोभावो तथा विचारो को प्रकट करता है, किन्तु लिखित भाषा में मनोभावों तथा विचारों को प्रकट करता है।

उपरोक्त बिन्दुओं को ध्यानपूर्वक पढो और नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखो-

प्रश्न-1 भाषा किसे कहते हैं तथा इसके कितने रुप होते हैं?

प्रश्न-2 लिपि से क्या तात्पर्य है?

M.K.D. PUBLIC SCHOOL

**प्रश्न-3 व्याकरण से आप क्या समझते हैं? तथा व्याकरण के कितने रुप होते है लिखो।**

**प्रश्न-4 मौखिक एवं लिखित भाषा में अन्तर बताओ।**

**प्रश्न-5 हिन्दी, अंग्रेजी, पंजाबी, बंगाली, तथा कोकणी भाषा की लिपि बताओ।**

| **भाषा** | **लिपि** | **भाषा** | **लिपि** | **भाषा** | **लिपि** |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाबी | गुरुमुखी | जर्मन | रोमन | बंगाली | बांग्ला |
| अंग्रेजी | रोमन | कोंकणी | देवनागरी | कश्मीरी | शारदा |
| हिन्दी/संस्कृत | देवनागरी | मराठी | देवनागरी | फ्रांसीसी | रोमन |
| उर्दू | फारसी | नेपाली | देवनागरी | मैथिली | देवनागरी |

M.K.D.PUBLIC SCHOOL